सत्यमेव जयते

असंशोधित

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 21 जुलाई, 2025



**बिहार विधान सभा सचिवालय,**
**पटना ।**

सप्तदश विधान सभा पंचदश सत्र

सोमवार, तिथि 21 जुलाई, 2025 ई0
30 आषाढ़, 1947 (शक)

(कार्यवाही प्रारंभ होने का समय – 11.00 बजे पूर्वाह्न)
(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है ।

माननीय सदस्यगण, अब राष्ट्रगान होगा । कृपया अपने–अपने स्थान पर खड़े हो जाएं ।

(राष्ट्रगान)

प्रारंभिक संबोधन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आप सबों का इस अंतिम सत्र में....

श्री सत्यदेव राम : अध्यक्ष महोदय....

अध्यक्ष : बैठ जाइये न, बैठ जाइये । मेरी बात तो सुनिये...

श्री सत्यदेव राम : महोदय...

अध्यक्ष : बैठिये अभी, बैठिये, अभी नहीं, बैठ जाइये । मैं आप सबों का इस अंतिम सत्र में हार्दिक स्वागत करता हूँ । सत्रहवीं बिहार विधान सभा का यह पंचदश सत्र आज 21 जुलाई से प्रारम्भ होकर 25 जुलाई तक चलेगा...

(व्यवधान)

यह लोकतंत्र में नहीं कहा गया है कि अध्यक्षीय संबोधन के समय खड़ा होकर बोलते रहिये ।

(व्यवधान)

बैठ जाइये, बैठ जाइये । इस सत्र में पांच बैठकें होंगी । यह सत्र न केवल पांच वर्षीय संवैधानिक प्रावधान की अंतिम कड़ी है, अपितु यह हम सबके संयुक्त प्रयासों, नीतियों और जनहित में किए गए निर्णयों के मूल्यांकन का अवसर भी है । यह अवसर हमें आत्ममंथन का मौका देता है कि बीते पांच वर्षों में हमने बिहार की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप किस सीमा तक कार्य किया, क्या पाया और कहां सुधार की आवश्यकता है ।

इस अवधि में बिहार विधान सभा ने अनेक महत्वपूर्ण विधेयकों को पारित कर, शासन की गुणवत्ता में सुधार के अनेक प्रयास किए । हमने किसानों, श्रमिकों, महिलाओं, युवाओं, पिछड़े वर्गों तथा वंचित समुदायों के जीवन को बेहतर बनाने के लिये समर्पित होकर कार्य किया । शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, डिजिटल

शासन, कौशल विकास और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर विधान सभा में विस्तृत चर्चा और विधायी निर्णय लिए गए ।

(व्यवधान)

शांत रहिये, शांत रहिये । कोविड–19 की वैश्विक महामारी के दौरान हमारे सदन ने राज्य सरकार को जन–जीवन की रक्षा हेतु आवश्यक नीतिगत निर्णयों में सहयोग दिया । संकट की उस घड़ी में हमारे जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और प्रशासनिक सहयोग की भावना, लोकतंत्र की सच्ची मिसाल बनी ।

माननीय सदस्यगण, हमें यह भी स्मरण रखना चाहिये कि मतभेद लोकतंत्र की आत्मा है, परंतु मनभेद से ऊपर उठकर हमने जनहित को प्राथमिकता दी है । यह इस सदन की परिपक्वता और परम्परा को दर्शाता है । इस कार्यकाल में हमने सदन की कार्यवाही को अधिक पारदर्शी और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया है । ई–विधान प्रणाली, डिजिटल डाटाबेस तथा सत्रीय कार्यवाही की ऑनलाइन उपलब्धता जैसे उपायों से जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच दूरी कम करने की पहल हुई है । अब जबकि हम एक नई यात्रा की ओर बढ़ने जा रहे हैं, मैं सभी सदस्यों को उनके योगदान के लिये धन्यवाद देता हूं । मतभेदों के बावजूद, इस सदन में जिस गरिमा और अनुशासन के साथ कार्य हुआ है, वह प्रेरणादायक रहा है ।

मैं विशेष रूप से उन वरिष्ठ सदस्यों का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने अपने अनुभव, वक्तव्य और प्रतिबद्धता से इस सदन को समृद्ध किया । आगामी चुनावों के दौरान सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से मेरी अपील है कि वे लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करें, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करें और जनता के विश्वास को सर्वोपरि रखें ।

अंत में, मैं बिहार की जनता का आभार प्रकट करता हूं, जिनके विश्वास से यह संस्था जीवंत रहती है । मुझे आशा है कि आगामी विधान सभा और भी अधिक सक्रिय, सजग और उत्तरदायी होगी । ''हमारा दायित्व केवल विधि–निर्माण नहीं, बल्कि जनविश्वास की रक्षा भी है ।''

इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार पुनः आप सभी को इस सत्र हेतु शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि इस सत्र में भी मुझे सदन संचालन में आप सबों का भरपूर सहयोग मिलेगा और यह सत्र भी पूर्ववत गरिमा, मर्यादा और उद्देश्यपूर्ण विमर्श से युक्त होगा । धन्यवाद ।

श्री भाई वीरेन्द्र : अध्यक्ष महोदय...

अध्यक्ष : बैठ जाइये, बैठ जाइये । पूरा करने दीजिये, बैठ जाइये ।

श्री भाई वीरेन्द्र : महोदय, यह जो भगवा रंग का बंडी पहनकर...

अध्यक्ष : आप बैठिये, बैठ जाइये । उटपटांग बात मत करिये, बैठिये ।

श्री अख्तरूल ईमान : अध्यक्ष महोदय...

अध्यासी सदस्यों का मनोयन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम–12(1) के अधीन मैं निम्न सदस्यों को सप्तदश बिहार विधान सभा के पंचदश सत्र के लिए अध्यासी सदस्य मनोनीत करता हूं :–

1. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, स0वि0स0
2. श्री दामोदर रावत, स0वि0स0
3. श्री विजय शंकर दूबे, स0वि0स0
4. श्री भूदेव चौधरी, स0वि0स0
5. श्रीमती ज्योति देवी, स0वि0स0

(व्यवधान)

(इस अवसर पर श्री अखतरूल ईमान, स0वि0स0 वेल में आ गये)

समितियों का गठन

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम–219(1) के अधीन मैं सप्तदश बिहार विधान सभा के पंचदश सत्र के लिए कार्य–मंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार करता हूं :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | – | सभापति |
| 2. श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | – | सदस्य |
| 3. श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री | – | सदस्य |
| 4. श्री विजय कुमार सिन्हा, उप मुख्यमंत्री | – | सदस्य |
| 5. श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य | – | सदस्य |
| 6. श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा | – | सदस्य |
| 7. श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, विरोधी दल | – | सदस्य |
| 8. श्री शकील अहमद खाँ, स0वि0स0 | – | सदस्य |

(व्यवधान)

पोस्टर हटाइये, पोस्टर हटाइये ।

विशेष आमंत्रित सदस्य

1. श्री नरेन्द्र नारायण यादव, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा
2. श्री आलोक कुमार मेहता, स0वि0स0
3. श्री महबूब आलम, स0वि0स0

4. श्री सूर्यकान्त पासवान, स0वि0स0
5. श्री अजय कुमार, स0वि0स0
6. श्रीमती ज्योति देवी, स0वि0स0

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

(इस अवसर पर श्री अखतरूल ईमान, स0वि0स0 वेल से अपने स्थान पर चले गये)

औपचारिक कार्य

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, विधि विभाग ।

श्री मंगल पाण्डेय, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, भारतीय संविधान के अनुच्छेद–213 के खंड (2)(क) के अनुसार बिहार विधान सभा के समक्ष माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार हिन्दू धार्मिक न्यास (संशोधन) अध्यादेश, 2025 की एक प्रति मेज पर रखता हूँ ।

अध्यक्ष : सभा सचिव ।

सभा सचिव : महोदय, सप्तदश बिहार विधान सभा के चतुर्दश सत्र में उद्भूत तथा बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों द्वारा यथापारित निम्न 04 (चार) विधेयकों का विवरण सदन पटन पर रखती हूँ जिस पर माननीय राज्यपाल द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद–200 के तहत अनुमति प्रदान की गयी हैः–

| क्रमांक | विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | बिहार विनियोग विधेयक, 2025 | 17.03.2025 |
| 2. | बिहार विनियोग (संख्या–2) विधेयक, 2025 | 27.03.2025 |
| 3. | बिहार सहकारी सोसाइटी (संशोधन) विधेयक, 2025 | 04.04.2025 |
| 4. | बिहार काष्ठ आधारित उद्योग (स्थापना एवं विनियमन) विधेयक, 2025 | 24.04.2025 |

वित्तीय कार्य

अध्यक्ष : प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग ।

श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री : अध्यक्ष महोदय, भारतीय संविधान के अनुच्छेद–205 के अनुसरण में बिहार विनियोग (संख्या–2) अधिनियम, 2025 द्वारा स्वीकृत राशि के अलावा वर्ष 2025–26 में जो खर्च होने की संभावना है उसके संबंध में, मैं प्रथम अनुपूरक व्यय विवरण उपस्थापित करता हूँ ।

शोक प्रकाश

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, कतिपय जननायकों के निधन की सूचना मिली है...

(व्यवधान)

बैठ जाइये, बैठ जाइये । शोक प्रकाश हो रहा है बैठ जाइये, बैठिये । जिनके बारे में शोक प्रकट करना हमारा कर्त्तव्य है :–

स्वर्गीय शमायले नबी

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य...

(व्यवधान)

बैठ जाइये न । शोक प्रकाश हो रहा है बैठ तो जाइये । इतनी तो गरिमा हमलोगों ने पहले से बनाकर रखी है, इतनी गरिमा बनी हुई है सदन की । शोक प्रकाश में हमलोग खड़े नहीं रहते हैं, बैठ जाते हैं, बैठिये । अभी कोई बात नहीं सुनी जायेगी ।

(व्यवधान)

नहीं, बैठिये ।

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री शमायले नबी का निधन दिनांक–30 मार्च, 2025 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 83 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय नबी वैशाली जिला के गोरौल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1972 एवं दरभंगा जिला के केवटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1980 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में राज्य मंत्री भी रहे थे । वे मृदुभाषी एवं मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय लाल बाबू लाल

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री लाल बाबू लाल का निधन दिनांक–09 अप्रैल, 2025 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 72 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय लाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1984 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

टर्न–2/मुकुल/21.07.2025

स्वर्गीय रामावतार

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री रामावतार का निधन दिनांक–13 अप्रैल, 2025 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 80 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय रामावतार गोपालगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1995 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे समाजसेवी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय रामानन्द प्रसाद सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री रामानन्द प्रसाद सिंह का निधन दिनांक–10 मई, 2025 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 84 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह खगड़िया जिला के परबत्ता विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2004 के उपचुनाव, मार्च, 2005, नवंबर 2005, 2014 के उपचुनाव एवं 2015 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे बिहार सरकार में मंत्री भी रहे थे । वे एक कुशल अभियंता एवं सहृदयी समाजसेवी थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय सी0पी0 सिन्हा

बिहार विधान परिषद् के पूर्व सदस्य श्री सी0पी0 सिन्हा का निधन दिनांक 06 जून, 2025 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 77 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिन्हा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2016 में बिहार विधान परिषद् के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदुभाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय सत्यदेव सिंह

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री सत्यदेव सिंह का निधन दिनांक–26 जून, 2025 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 75 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय सिंह अरवल जिला के कुर्था विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 2010 एवं 2015 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे सामान्य जन के बीच काफी लोकप्रिय थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

स्वर्गीय चन्द्र शेखर दुबे

बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य श्री चन्द्रशेखर दुबे का निधन दिनांक–10 जुलाई, 2025 को हो गया । निधन के समय उनकी आयु लगभग 79 वर्ष की थी ।

स्वर्गीय दुबे संयुक्त बिहार के विश्रामपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से वर्ष 1985 एवं 1990 में बिहार विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए थे । वे मिलनसार एवं मृदु भाषी व्यक्ति थे । हम उनके निधन से दुःखी हैं ।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं शोक संतप्त परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें ।

अध्यक्ष : अब हमलोग एक मिनट तक मौन खड़े होकर सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करें ।

(एक मिनट का मौन)

मैं अपनी तथा सम्पूर्ण सदन की ओर से शोक संतप्त परिवार के पास संदेश भिजवा दूंगा ।

अब सभा की बैठक, मंगलवार दिनांक–22 जुलाई, 2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की जाती है ।

